**Title:** Need for early regularisation of unauthorised colonies in National Capital Territory of Delhi.

12.40 hrs.

**श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, गत दिल्ली सरकार ने १०७१ अनाधिकृत बस्तियों को पास कर भारत सरकार के पास स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजा था। परन्तु तत्कालीन केन्द्र सरकार ने स्वीकृति नहीं दी थी। स्वीकृति न मिलने के कारण दिल्ली के लगभग २० लाख लोग जो इन बस्तियों में रहते हैं अत्यधिक कठिनाइयों का सामने कर रहे हैं। उनमें नागरिक सुविधाओं का अभाव है।**

**अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इन कालोनियों को शीघ्र पास किया जाए।**